Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 05-08-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to provide a special financial package for providing portable water in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय सभापति महोदया, मेरा सवाल बड़ा अहम है। जयपुर शहर में पेयजल के लिए रामगढ़ बंधा वहीं है और यहीं से केवल पानी वितरित किया जाता है। रामगढ़ बंधे में बाणगंगा नदी से पानी आता है। बाणगंगा में 52 एनीकट बन गए हैं इस कारण से बंधे में पानी आने से रूकावट पैदा हो गई है और जयपुर शहर में कोई अन्य सप्लाई करने की व्यवस्था नहीं है। बनास योजना पूर्ण होने में, जिसकी चर्चा कई वर्ाों से हो रही है, मैं समझता हूं कि दो-तीन वर्ा और लग जाएंगे। कुंओं, हैण्डपम्पों और नलकूपों का जल स्तर नीचा हो जाने के कारण वे अनुपयोगी हो गए हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि तालकटोरा, जो जयपुर शहर के बीच में बना हुआ है इसमें एक बूंद पानी नहीं बचता है, इस प्रकार से जो पाइपलाइन जयपुर शहर में है, वह भी गल चुकी है। वह बहुत पुरानी और छोटी पाइपलाइन है। उसमें लीकेज हो जाने के कारण पानी व्यर्थ हो जाता है और गटर लाइन से मिल जाने के कारण दूिति पेयजल मल-मूत्र युक्त पानी सप्लाई किया जा रहा cè[p70]।

गांवों में पेयजल नहीं है, जानवरों के लिये पीने का पानी नहीं है। मैं समझता हूं कि सारे लोग बहुत ही दुखी हैं। शहर के लोग तो चबूतरे में गड्ढा निकालकर पाईप लाइन डालकर वहां से पानी निकाल रहे हैं। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जयपुर में पेय जल की सप्लाई के लिये नई पाइप लाइन डाली जाये। इस से पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह ने पेय जल को प्र ाथमिकता दी है। जयपुर के लिये स्पेशल आर्थिक पैकेज दिया जाये। इस बार बारिश नहीं हुई है, इसलिये पेय जल का संकट है। मैं भगवान से प्र ार्थना कर सकता हूं कि हम पर कृपा करें ताकि जयपुर के लोगों की पेय जल की समस्या हल हो जाये।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह राजस्थान सरकार को पेय जल के लिये विशो आर्थिक पैकेज दे ताकि पेय जल की समस्या का समाधान हो सके। यह मानवीय प्रश्न है। मुझे आशा है कि सरकार इस पर ध्यान देगी।